सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0

7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ–226001

Phone No.: 0522-2630878, Fax: 0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in, Website: socialauditup.in

पत्रांकः 59 / सो.आ.नि.–312 / 2015
दिनाँकः 27 अप्रैल, 2015

प्रेषक,

निदेशक,
सोशल आडिट,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

विषयः प्रत्येक जनपद से 05 चयनित ग्राम पंचायतों का टेस्ट चेक सोशल आडिट किया जाना।

महोदय,

संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के साथ दिनांक 24.04.2015 को संपन्न वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के दौरान, अन्य के अतिरिक्त, यह सूचित किया गया कि राज्य में संपन्न सोशल आडिट की गुणवत्ता की परख करने के लिए भारत सरकार की टीम द्वारा नमूने के तौर पर सोशल आडिट टीमों द्वारा संपादित किए गए आडिट का टेस्ट चेक आडिट किया जाएगा। टेस्ट चेक आडिट में यह पुष्टि की जाएगी कि क्या सोशल आडिट टीमों द्वारा सोशल आडिट के निम्नांकित 05 मूलभूत तत्वों को संज्ञान में लेते हुए कार्यवाही की गई हैः–

(क) सोशल आडिट पर्णधारकों द्वारा किया गया हो और सोशल आडिट टीम में उसी ग्राम पंचायत के निवासी न सम्मिलित हों, जिस ग्राम पंचायत का सोशल आडिट किया गया है।

(ख) सोशल आडिट करने वाली सोशल आडिट टीम के सदस्य/संसाधन व्यक्तियों को मनरेगा के संगत अभिलेखों को पढ़ने एवं समझने का प्रशिक्षण दिया गया है।

(ग) सोशल आडिट करने वाली सोशल आडिट टीम के सदस्यों को सोशल आडिट हेतु सभी अभिलेखों की प्रतियां ग्राम पंचायत/कार्यदायी संस्थाओं द्वारा समय से उपलब्ध करा दी गई है।

(घ) सोशल आडिट टीम द्वारा शत–प्रतिशत परिवारों, कार्यस्थलों एवं ग्राम पंचायतों द्वारा किए गए भुगतानों का शत–प्रतिशत सत्यापन किया गया है।

(ड.) सोशल आडिट टीम द्वारा सोशल आडिट रिपोर्ट को ग्राम सभा की खुली बैठक में पढ़ा गया है।

Arun 2015

2. टेस्ट चेक आडिट के दौरान यह भी देखा जाएगा कि सोशल आडिट टीम द्वारा किसी गंभीर बिन्दु को सोशल आडिट के दौरान नजरअंदाज तो नहीं किया गया है।

3. आपसे अनुरोध है कि उक्त को ध्यान में रखते हुए अपने जनपद के किन्हीं 05 ग्राम पंचायतों को, जहां सोशल आडिट संपन्न हो चुका हो, को रैण्डम आधार पर टेस्ट चेक सोशल आडिट हेतु कृपया चयनित कर लें ताकि भारत सरकार के आडिट दल को ग्राम पंचायतों के चयन में सुविधा हो। कृपया चयनित ग्राम पंचायतों की सूची दिनांक 05 मई, 2015 तक अवश्य उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

27/4/15

(राजवर्धन)
अपर निदेशक, सो0आ0
कृते निदेशक

पत्रांकः– 59 /सो0आ0नि0–312 /2015, तद्‌दिनांक।

प्रतिलिपिः समस्त जिला विकास अधिकारी, उ0प्र0 को चयनित 05 ग्राम पंचायतों की सूची 05 मई, 2015 तक उपलब्ध कराने हेतु।

27/4/15

(राजवर्धन)
अपर निदेशक, सो0आ0
कृते निदेशक